## खबर संक्षेप

### शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

**भुआबिछिया।** सक्षम बेटी, सक्षम मण्डला अपराजिता अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन हुआ जिसमें प्रशिक्षक अकल सिंह मरावी के द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के दांव-पेंच करके दिखाया गया ।साथ ही पुलिस उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय ने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया गया तथा साइबर क्राइम,बाल अपराध आदि के विषय में सविस्तार जानकारी दी। प्राचार्य वीरेंद्र सिंह परतेती के द्वारा अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया।

### निर्माण कार्य पूर्ण न करने या राशि वापिस न करने पर संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी

**मण्डला।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) बीएलसी की घटक की विस्तारित अवधि 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो जाएगी। उन्होंने उक्त योजना के अंतर्गत नगरपालिका मंडला के ऐसे हितग्राही जिनको राशि का भुगतान किया गया है। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किश्त प्राप्त हो चुकी है। नोटिस/सूचना पत्र कार्य प्रारंभ करने हेतु जारी किया गया है। वह निर्माण कार्य प्रारंभ कर निकाय को 15 दिवस में राशि प्रदाय अनुसार लेंटर लेवल तक निर्माण कार्य पूर्ण करें एवं द्वितीय किश्त हेतु लेंटर लेवल जियो टैग कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि ऐसे हितग्राही जिनको आवास योजना के द्वितीय किश्त 2 लाख रूपए प्राप्त हो चुके हैं। आगामी 15 दिवस में छत ढलाई उपरांत आवास के सामने छपाई-पुताई एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लोगो नाम सहित कार्य कराकर निकाय को सूचित करें। जिससे कम्पलीट लेवल की जियो टैग किया जा सके। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य न कराने पर प्रकरण सरेंडर/निरस्त करते हुए राशि वापसी एवं राशि वापसी न करने की स्थिति में संपत्ति कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### कमिश्नर 7 नवंबर को मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर योजना भवन में बैठक लेंगे

**मण्डला।** आयुक्त जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा ने बताया कि एक नवंबर 2024 को गोवर्धन पूजा का सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण मंडला जिले में रोल प्रेक्षक का प्रथम भ्रमण कार्यक्रम 7 नवंबर 2024 को संपन्न होगा। आप मंडला जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे, तत्पश्चात आप दोपहर 2 बजे जिला योजना भवन में समीक्षा बैठक लेंगे।

## नहीं रहते चिकित्सक, सरकारी योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

# भगवान भरोसे पशु चिकित्सालय

*** आसपास के पशु पालक हो रहे परेशान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मवई का पशु चिकित्सालय भगवान भरोसे चल रहा है। चिकित्सालय में चिकित्सक के नहीं मिलने पर पशुपालक परेशान रहते हैं। पशुपालकों का कहना है कि एक ओर सरकार पशुपालकों के लिए योजनाओं की घोषणा करते फिरती है, इसके प्रचार प्रसार में कोई कमी नहीं करते हुए पशुपालकों को प्रोत्साहित करती रहती है, तो वहीं दूसरी ओर मवई पशु चिकित्सालय मैं पदस्थ कर्मचारी सरकारी योजनाओं को बंटाधार कर सासन की योजनाओं पर पानी फेर रहे है।




### कभी लटका रहता है ताला कभी कर्मचारी रहते है नदारद



मण्डला जिले से 100 किलोमीटर दूर बसा आदिवासी बहुल क्षेत्र मवई में पशु चिकित्सालय अधिकारी सासन के नियम की जमकर धज्जियां उड़ा रहे है। जहां प्रशासन और जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण लोगो को सासन के योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है। कहने को तो क्षेत्र में पशु चिकित्सालय है लेकिन वह भी नही होने के ही बराबर है जहां पर आय दिन या तो ताला लटका रहता है या फिर चिकित्सक नदारद रहते है जिससे दूरदराज से अपने पशुओं के उपचार के लिए आने वाले लोगो को चिकित्सक के उपलब्ध न रहने से मायूस होकर बिना पशुओं के उपचार के लौटना पड़ता है। वहीं क्षेत्रवासियों का कहना है की अक्सर चिकित्सालय मैं पदस्थ कर्मचारी अस्पताल से नदारद ही मिलते है।

### चिकित्सालय में नही पशुओं की दवाई

पशुओं के इलाज के लिए पशुधन संजीवनी हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1962 जारी किया गया है इस नंबर पर कॉल करने पर, पशुओं के इलाज के लिए डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ़, और दवाइयां साथ लेकर नज़दीकी विकासखंड से वैन पशु के घर पहुंचती है इलाज पूरी तरह से मुफ़्त होता है।

लेकिन मवई मुख्यालय की पशुधन संजीवनी वैन में पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा निशुल्क दवाई का वितरण ना कर पशुधन मालिको से मण्डला या बिछिया से दवाई मंगवाई जाती है। जिसमे 1-2 दिन का वक्त लगता है जिससे तुरंत इलाज के अभाव मैं कई पशु की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है।

वनांचल मवई क्षेत्र में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों का यही रवैया इस क्षेत्र को पीछे रखने में प्रमुख वजह रहा है। बार-बार शिकवा-शिकायत होने पर भी किसी तरह की कार्यवाही न होना समझ से परे है सिर्फ स्वास्थ्य सुविधाओं की ही दुर्गति हो रही हो ऐसा नहीं है अन्य विभागों के प्रमुख भी यही रवैया अपनाये हुये हैं। अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी मवई क्षेत्र में पदस्थ जरूर हैं लेकिन वे आना-जाना मण्डला से ही करते हैं ऐसे में कुछ लोगों का तो यह रिवाज ही बन गया है कि वे सप्ताह में एक या दो दिन ही मवई जाते हैं बाकी दिनों का काम जो स्थानीय कर्मचारी मौजूद रहता है वही संभालता है भले ही फिर मवई वासी ग्रामीणजन परेशान होते हों तो होते रहें। सरकारी योजनाओं का लाभ भी ग्रामवासियों को इन्हीं अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही के कारण नहीं मिल पा रहा।

## राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 पर हुऐ बड़े बड़े गड्ढे



*** दुर्घटनाओं की संभावनाएं बड़ी, शीघ्र सुधार कार्य किया जाए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

राष्ट्रीय राजमार्ग NH30 बनने के बाद से ही विवादों में रहा मार्ग निर्माण के दौरान आनन-फानन में मार्ग निर्माण कराया गया जिसके परिणाम बनने के बाद से ही मार्ग के परखच्चे उड़ने चालु हो गए आज स्थिती यह है कि मंडला से लेकर छत्तीसगढ़ की सीमा तक मार्ग में बड़े 2 गड्ढे हो गए है भारी भरकम वाहनों की आवाजाही के साथ साथ टू वीलर 4 वीलर वाहन भी चल रहे है और इन्हीं गड्ढों के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ता है और दुर्घटनाएं हो रही हैं।

वहीं नगर के मध्य एनीकट पुल मार्ग पर ऊपर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गये है जिसके सुधार के लिए पूर्व मे भी ध्यान आकर्षण कराया गया था जहां कभी भी कोइ बड़ी दुर्घटना हो सकती है, राष्ट्रीय राजमार्ग शहर के अन्दर से होकर जाता हैं दिन रात राह गीरो का आवागमन बना रहता है नगर का मुख्य मार्ग होने के कारण हजारों वाहन टू विलर फोर व्हीलर जबलपुर रायपुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग होने कारण बोहोत जायदा ट्राफिक होता है, बारिश का समय हो या सामान्य इन गढ्डों से गुजरने वाले वाहन त्रस्त है बारिश के समय गढ़ों पर पानी भरने से यह समझ नहीं आता ओर दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बनी रहती है ऐसे समय मार्ग की दुर्दशा से आम जन त्रस्त है वही MPRDC के अधिकारि भी इसी मार्ग से निकलते हैं मगर उन्हें मार्ग की हालत समझ मै नही आती जबकि देखा गया है की एनएच 30 का ऐक जिप्सी वाहन प्रतिदिन निकलता लेकिन उन्हे इस पुल के इतने बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई नही देते तो पूरे राष्ट्रिय राज मार्ग के क्या हाल होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है आला अधिकारियों से जन अपेछा है की मार्ग की दुर्दसा पर ध्यान दें, और कोइ दुर्घटना हो इसके पूर्व शीघ्र सुधार कार्य कराएं अन्यथा कभी भी जन आक्रोश बढ़ सकता है।

# आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्षीय वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरोते ने जिले के लोगों के लिए एडवायजरी जारी की है कि 70 वर्ष से अधिक के सीनियर सिटीजन आयुष्मान योजना का लाभ उठायें। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपये तक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को गुणवत्ता पूर्व सुलभ स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना। जिससे उन्हें आर्थिक चिन्ताओं से मुक्त करते हुए एक स्वस्थ और सम्मान पूर्व जीवन जीने में सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और से उससे अधिक आयु के सभी




वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की परवाह किये बिना स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की मंजूरी दी है एवं 29 अक्टूबर 24 को योजना का शुभारंभ हो चुका है। योजना हेतु पात्रता का निर्धारण केवल आधारकार्ड में दर्ज आयु के आधार पर किया जायेगा तथा पंजीकरण के लिए आधारकार्ड एवं समग्र फेमिली आई.डी. की आवश्यकता होगी। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को ।ठ. च्डश्र।ल के तहत एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जा रहा है। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के है और उनके परिवार पहले से ही ।ठ. च्डश्र।ल के तहत कवर है, उन्हें अपने लिए अतिरिक्त 5 लाख तक की वार्षिक टॉप-अप कवरेज मिलेगी। जिसे वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों (जो 70 वर्ष से कम आयु के हैं) के साथ साझा नही करेंगे। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को पारिवारिक आधार पर रूपये 5 लाख तक की वार्षिक कवरेज मिलेगी। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के है और केन्द्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान सेंट्रल आर्ल्ड पुलिस फोर्स जैसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठा रहे है। वे अपनी मौजूदा योजना या ।ठ.च्डश्र।ल में से किसी एक को चुन सकते हैं। किन्तु योजना चयन करने का विकल्प एक बार ही दिया जायेगा। यह स्पष्ट किया गया है कि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वे वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत आते हैं, वे भी ।ठ.च्डश्र।ल के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे।

## कृषि उपज मंडी समिति बिछिया की कार्यवाही

*** बिना अनुज्ञा पत्र अवैध परिवहन करते वाहन का बनाया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया




प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मण्डला के कर्मचारियों द्वारा मंडी क्षेत्र से बिना मंडी शुल्क चुकाए परिवहन करने वाले वाहनों की जांच लगातार की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 05/11/2024 को प्रभारी मंडी सचिव कन्हैयासिंह मरकाम के मार्गदर्शन में मंडी उड़नदस्ता दल बिछिया के कर्मचारी आकाश ठाकुर सहायक उप निरीक्षक , बृजकिशोर नामदेव सहायक उपनिरीक्षक एवं कन्हैया पटेल सहायक उप निरीक्षक के द्वारा वाहन क्रमांक एम.पी.51 जी 1034 में बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से परिवहित कृषि उपज धान कुल 28क्विटल का व्यापारी प्यारे लाल पटेल द्वारा मण्डला मंडी में पदमी स्थित राइस मिल परिवहित किये जा रहे वाहन के द्वारा मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) का उल्लंघन करते पाए जाने पर वाहन को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। जिसमे व्यापारी प्यारेलाल पटेल निवासी माधोपुर द्वारा अपनी गलती मानकर समझौता हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत दाण्डिक मंडी शुल्क पांच गुना राशि, निराश्रित शुल्क तथा समझौता शुल्क राशि रुपए 4864/- रुपये का जुर्माना वसूल कर प्रकरण को समाप्त किया गया तथा व्यापारी को मंडी लायसेंस लेकर नियमानुसार व्यापार करने हेतु समझाईश दी गई।

## निरीक्षण | उत्कृष्ट अंकों के लिए खूब मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा।

# प्रमुख सचिव ने कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण

*** कम्प्यूटर का अध्ययन कराने निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रमुख सचिव जान किंग्सली एआर ने बुधवार को नवरत्न आदिवासी सीनियर बालिका छात्रावास और आदिवासी जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बालिका छात्रावास में लाईब्रेरी कक्ष, शयन कक्ष, स्नानागार, रसोई घर, डायनिंग हॉल, भंडार कक्ष का अवलोकन किया। प्रमुख सचिव जान किंग्सली ने छात्रावास में उपस्थित छात्राओं से उनका परिचय प्राप्त किया और छात्रावास की व्यवस्थाएं तथा पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि उन्हें छात्रावास में रहकर पढ़ाई करना बहुत अच्छा लगता है, छात्रावास में सभी छात्राओं के द्वारा अनुशासन का पालन किया जाता है।





छात्रावास में स्थित लायब्रेरी में छात्राएं पढ़ाई करती हैं। छात्राएं कम्प्यूटर कक्ष में कम्प्यूटर संबंधित विषयों का अध्ययन करती हैं। प्रमुख सचिव श्री जान किंग्सली ने छात्राओं की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। कु. मंजू मार्को ने बताया कि वह पढ़ाई करके डॉक्टर बनना चाहती हैं। वह कक्षा नवमी से छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही है। छात्रावास में उसे अच्छा भोजन, पढ़ाई के लिए समय, खेलकूद और लायब्रेरी का भी लाभ मिल रहा है। कु. नम्रता सैयाम ने बताया कि वह पढ़ाई करके इंजीनियर बनेगी। उसे तकनीकि ज्ञान में अत्यधिक रूचि है। छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने का उसे पूरा अवसर मिल रहा है। प्रमुख सचिव श्री जान किंग्सली ने इसके बाद छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती मोहिनी कुशराम से छात्रावास संचालन के संबंध में जानकारी ली। अधीक्षिका ने बताया कि छात्रावास में स्टॉफ की आवश्यकता है और छात्राओं के भोजन व्यवस्था के लिए प्रति छात्रा राशि की दर बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रमुख सचिव श्री जान किंग्सली ने इसी प्रकार से आदिवासी सीनियर जिला स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावास के निरीक्षण के दौरान छात्राओं को कम्प्यूटर का अध्ययन करवाने के निर्देश दिए। सभी छात्राओं के लिए एक सामूहिक हॉल बनाने को कहा। उन्होंने छात्राओं को बेहतर अध्यापन कर वार्षिक परीक्षाफल में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने को कहा। इस अवसर पर छात्राओं को जेईई एवं नीट की परीक्षाओं की तैयारियाँ कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग संतोष शुक्ला, मंडल संयोजक रंजीत गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## बसनिया बांध निरस्त करने एसडीएम निवास को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बसनिया बांध से कुल 31 गांव के लोग विस्थापित एवं प्रभावित होने वाले हैं जिसमें निवास तहसील का चकदेही, कापा, पंडरीतलाई, नैझर, दरगढ, फरकी माल, सिवनी माल, बसगढी और मुरलापानी गांव शामिल है। कल मंगलवार को इन गांव के सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य और ग्रामीणों ने मिलकर एसडीएम निवास को भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 244 में यह व्यवस्था है कि अनुसूचित क्षेत्रों के पांचवीं अनुसूची के धारा-2 के अन्तर्गत राज्यों की कार्यपालन शक्ति शिथिल किया गया है अर्थात प्रशासनिक व्यवस्था में राज्यपाल को सर्वोच्च शक्ति एवं अधिकार दिया गया है। यह शक्ति संविधान के किसी भी प्रावधानों से मुक्त है। बताया गया है कि मण्डला पांचवीं अनुसूची (आदिवासी क्षेत्रों की विशेष वयवस्था) के तहत वर्गीकृत है, जहां पेसा अधिनियम प्रभावशील है। इस बसनिया बांध परियोजना को लेकर प्रभावित ग्राम सभाओं ने विरोध में प्रस्ताव पारित कर सबंधित कलेक्टर को सूचित किया गया है। इसके बाबजूद भूमि अधिग्रहण के लिए प्रभावित विभिन्न गांवों के लिए धारा-11 की अधिसूचना प्रकाशित करना, डूब में आने वाली शासकीय (निस्तार) भूमि के लिए ग्राम सभाओं से अनापत्ति पत्र की मांग करना और बांध सर्वे कार्य को आगे बढाया जा रहा है, जो आदिवासियों को पेसा नियम के तहत प्राप्त संवैधानिक अधिकारों का हनन है। पांचवीं अनुसूची और पेसा अधिनियम के तहत प्राप्त अधिकारों के दायरे में हमारी ग्राम सभा बांध बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान नहीं करती है।अतः इस मामले में राष्ट्रपति से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए निरस्त करवाने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि विगत दिनों घुघरी तहसील के प्रभावित ग्रामीणों ने भी एसडीएम को ज्ञापन दिया था। ज्ञापन देने के समय बसनिया (ओढारी) बांध विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष बजारी लाल सर्वटे, सरपंच चकदेही चैती बाई, उप सरपंच चकदेही गौतम यादव, सरपंच नैझर रामचरण मश्राम, उप सरपंच नैझर दसरी बाई, सरपंच सिवनी माल, जनपद सदस्य मनोज कुड़ापे, मुकदम चीमका टोला चंदन सिंह उईके, मुकदम दरगढ गुलाब सिंह परस्ते, राजेन्द्र कुलस्ते आदि शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

### विद्युत शवदाह गृह निर्माण की मांग की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान

**गाडरवारा।** जहां एक ओर नगर का लगातार विकास होने के साथ इसकी आवादी में भी इजाफा होते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में नगर का एक मात्र शमशान घाट की स्थिति बिगड़ने के चलते नगरवासियों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के शमशान घाट पर भयानक स्थिति उस समय निर्मित हो जाती है कि जब नगर के अंदर पांच लोगों से अधिक की मौत हो जाती है क्योंकि शमशान घाट पर मात्र शवदाह करने के लिये 5 सेट बने हुये है। इस स्थिति में अनेकों पर नगरवासियों को खुले मैदान में शव दाह करते हुये देखा जाता है।

### भारी वाहनों की धमाचौकड़ी दे रही बड़े खतरे की ओर संकेत...?

**गाडरवारा।** महँगी कारों मे घूमने प्राशनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि यहॉ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जन सुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिनरात धमाचौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है। जबकि गौर किया जावे तो नगरवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये ही शहर के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हुआ है। मगर इसके बाद भी बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि शहर की मुख्य सड़क यानि की शासकीय चिकित्सायल मार्ग से होते हुये स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर जिस तरह बेगाम गित से डम्फर दौड़ते हुये देखे जा रहे है वह निश्चित तौर से एक बड़ी घटना के लिये बुलाबा देते हुये प्रतित होने से नही चूक रहे है? क्योंकि इस मार्ग पर जहां दिन भर भीड भाड का आलम बना रहता है तो दूसरी ओर इसी मार्ग से शहर के शासकीय कार्यालयों सहित स्टेशन के लिये आने जाने वालों की भीड़ देखने मिलती है तो दूसरी ओर शासकीय चिकित्सालय के लिये भी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में मरीज आना जाना करते है।

### कागजी बन गयी है शासन की अनेक योजनाएं

**सांईखेड़ा।** राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्य योजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच होना बहुत जरूरी हो गया है? क्योंकि शासन द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं को आम लोगों को लाभ मिलने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो संबंधित विभाग द्वारा अपनी कलाबाजी के चलते कागजी आंकड़ों में योजनाओं को सफल बता दिया जाता है।

# एक करोड़ से भी अधिक राशि से नवीन एसडीएम कार्यालय का किया गया लोकार्पण, मुख्य अतिथि द्वारा अपने भाषण के दौरान फिल्म अभिनेत्री मौसमी चटर्जी को किया याद, राजस्व अधिकारी आमजन के विश्वास पर खरा उतरें: राजस्व मंत्री वर्मा







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर के विकास के साथ साथ सरकारी भवनों की सूरत बदलते हुये दिखाई देने लगी है। क्योंकि वर्षो पुराने खपरेल भवन में संचालित होने वाला अनुविभागीय कार्यालय अब सर्व सुविधायुक्त भवन में संचालित होते हुये दिखाई देगा। इस तरह 1 करोड़ 31 लाख रूपया की लागत से निर्मित हुये इस नवीन एसडीएम कार्यालय का बीते हुये दिवस प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा फीता काटकर लोकापर्ण किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि राजस्व अधिकारी- कर्मचारी आमजन के विश्वास पर खरा उतरें और उनके साथ मधुर व्यवहार करें। अपनी अच्छी कार्यप्रणाली से अपने और विभाग का नाम करें। राजस्व कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारी- कर्मचारियों पर कार्यवाही तो वहीं अच्छे कार्य करने वालों की सराहना भी की जा रही है। राजस्व संबंधी कोई काम के लिए आमजन को पैसे नहीं देने होंगे। राजस्व अधिकारी- कर्मचारी से मैं स्वयं बात करता हूं। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। यदि किसी काम से आये हुये व्यक्ति से कोई कर्मचारी या अधिकारी चाय भी पीता है तो उसकी मानव सेवा नही रहती है क्योंकि काम के बदले आपने जो चाय पी गई है वह भी आपके आचरण पर कालिख पोतने जैसा प्रतीत करने से नही चूकती है। आपको जो जिम्मेदारी मिली है, उसे बखूबी निभायें। इस मौके पर प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप के आलवा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, तेंदूखेड़ा विधायक विश्नाथ सिंह पटैल, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित अन्य भाजपा नेतागण मौजूद थें जिनके कर कमलों से क्षेत्र के किसानों के राजस्व संबंधी कार्य निपटाने के लिये बनाये 1 करोड़ 31 लाख रूपया की लागत से बनाये गये नवीन एसडीएम कार्यालय का लोकापर्ण किया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर, श्रीमति शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के आलवा भाजपा के अन्य नेतागण सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थें जिनका स्वागत किया गया। लोकापर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री वर्मा ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि आमजन की राजस्व संबंधी समस्याओं का निदान अविलम्ब हो और उन्हें इसके लिए कहीं भटकना ना पडे। व्यक्ति के नामांतरण, फौती नामांतरण बंटाकन या बंटवारा सहित अन्य आवेदनों का समय सीमा में निराकरण हो। नामांतरण का कार्य 45 दिन की समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश पूरे प्रदेश में राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह एसडीएम भवन का निर्माण बेहतर तरीके से हुआ है। यहां पर तहसील भवन के निर्माण की जरूरत महसूस की जा रही है यहां पर इसी तरह तहसील भवन का भी निर्माण अच्छी तरह से होगा। इसके लिए वे स्वयं मुख्यमंत्री से चर्चा करूगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि यहां आते समय लोगों से जब मैने चर्चा की गई तो लोगों ने यहां के किसी अधिकारी कर्मचारी की शिकायत नहीं की इस बात की उन्हें ख़ुशी है। केंद्र और प्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है, वे किसानों की चिंता करती है। अन्नदाता को परेशानी नहीं हो यह हमारी मंशा है। किसान सम्मान निधि की राशि किसान भाइयों के खातों में सीधे भेजी जा रही है। फसलों के ओला एवं अतिवृष्टि से प्रभावित होने पर आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क राशन व पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुये अपने जीवन से जुडी हुई गाथा सुनाते हुये फिल्म अभिनेत्री मौसमी चटर्जी को याद करने से नही चूक पाये थें...। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुये क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने संबोधन के दौरान नवीन एसडीएम कार्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये अच्छा कार्यालय बना है। पूरे प्रदेश में राजस्व विभाग में आमूल चूल परिवर्तन कर लोगों को सहूलियत देने का काम राजस्व मंत्री ने किया है। वही उन्होंने बताया कि अब राजस्व विभाग में ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रारंभ हो चुकी है। सुव्यवस्थित भवन बन जाने से यह राजस्व अधिकारी को प्रेरणा देगा कि वे आम जनमानस की सेवा करें। वही उन्होंने कहा कि अंत्योदय की विचारधारा और संकल्प को पूरा करना हमारी जवाबदारी है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प है कि प्रदेश के हर नागरिक को समय पर मदद मिले। इसी प्रकार से सांसद चौ. दर्शन सिंह ने कहा कि यह खुशी की बात है कि एसडीएम कार्यालय का नवीन भवन का लोकार्पण हुआ है। लोगों के लिए यह कार्यालय मंदिर के समान है। इसके लिए उन्होंने सभी को शुभकामनायें दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुशासन की मंशा के अनुरूप काम हो। इसी प्रकार से कार्यक्रम को तेंदूखेडा विधायक विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने संबोधित करते हुये कहा कि यह भवन किसानों का मंदिर है। राजस्व अधिकारी यहां पर बैठकर किसान हित में फैसला लें। क्योंकि राजस्व अधिकारियों द्वारा जल्दबाजी में निर्णय लेते हुये चलाई जाने वाली कलम से अन्नदाता परेशान होने के कारण अधिकारियों के चक्कर काने के लिये मजबूर हो जाता है। क्योंकि राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की शिकायते मुझे मिलती रहती है। मैं अधिकारियों से अपेक्षा करता हूं कि जिस तरह आज किसानों के मामले को निपटाने के लिये सुन्दर मंदिर रूपी भवन बना हुआ है उसी तरह यदि आप लोग भी सुन्दरता के साथ किसानों का सेवा भाव से काम करेगे तो निश्चित तौर से इस मंदिर की गरीमा में चार चांद लग जावेगे। क्योंकि इस कार्यालय के माध्यम से गाडरवारा तथा आधे से अधिक तेंदूखेडा विधान सभा क्षेत्र का संचालन होगा। गाडरवारा अनुविभागीय कार्यालय के अधीन गाडरवारा व सांईखेड़ा तहसील के आलवा एक नगर पालिका गाडरवारा तथा तीन नगर परिषद सांईखेड़ा, चीचली व सालीचौका आते है। इन क्षेत्रों में निवास करने वाले किसानों से लेकर आमजन के राजस्व संबंधी कार्य यही से निपटाये जावेगे। कार्यक्रम के उपरांत भवन परिसर में अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। वही कार्यक्रम का विस्तृत प्रतिवेदन एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे ने प्रस्तुत कर बताया किया।

## नगर में जहां तहां विक्रय हो रही मांस मछली के अवैध कारोबार के चलते नगर में फैल रही गंदगी





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भले ही नगर पालिका द्वारा मांस मछली विक्रय करने के लिये जगह निर्धारित की गई है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा नगर में जहां तहां खुलेआम मांस मछली का विक्रय करते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते नगर का वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचने से नही चूक रही है? इस प्रकार से मांस मछली विक्रय करने वालो की मनमानी पर अंकुश न लग पाना नपा प्रशासन की उदासीन कार्य प्रणाली सहित पुलिस प्रशासन की उदासीनता को भी उजागार करने से नही चूक रही है? जिसके चलते इस प्रकार से नगर में धडल्ले से जहां तहां हो रहे मांस मछली के विक्रय से नगर में गंदगी फैलने के साथ साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचने से भी नही चूक रही है? क्योंकि इस प्रकार से मांस मछली सहित अंडे का व्यापार करने वाले लोगों द्वारा न तो नगर के मंदिरों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही शिक्षण संस्थाओं का जिसके चलते लोगों में इस प्रकार से खुलेआम बिक रहे मांस मछली के विक्रय को लेकर आक्रोश देखने मिल रहा है? इस प्रकार से धडल्ले से विक्रय होने वाले मांस मछली की सच्चाई इस समय नगर की पानी टंकी सहित सहित अन्य स्थानों पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि पानी टंकी के पास जहां नगर का एक मात्र गायत्री मंदिर स्थित है वही हनुमान मंदिर के साथ साथ शिक्षण संस्था भी स्थापित है। मगर इसके बाद भी यहां पर प्रतिदिन शाम के वक्त जहां खुलेआम मछली विक्रय होते हुये देखी जा रही है वही अनेक मांस की दुकाने भी संचालित हो रही है। इस स्थिति में जब कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो उसे सबसे पहले इस प्रकार से विक्रय होने वाली मांस व मछली पर नजर पड़ते हुये उसकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई स्कूली बच्चों में भी देखने मिल रही है जिन्हें इस प्रकार खुलेआम विक्रय होने वाले मांस व मछली के चलते घृडा का शिकार होते हुये देखा जाता है। यही हाल नगर के अन्य स्थानों पर भी देखने मिल रहा है। इस प्रकार से निर्धारित स्थल के जगह नगर के प्रमुख व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय को लेकर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाया जा रहा है और नही नपा प्रशासन द्वारा जिसके चलते नगर में खुलेआम गंदगी का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है, इस प्रकार से नगर की गलियों व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय पर अंकुश लगाने की मांग की जा रही है।

### तेज आवाज वाले यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने में प्रशासन क्यों नहीं हो रहा सफल?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** शहर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाले दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों मे जिस तरह यातायात नियमों को दर किनार करते हुये प्रेशर हार्न का चलन आम नागरिकों के लिये परेशानी का सबब बन रहा है,कान फोडू आवाज वाले इन प्रेशर हार्न से कई बार राह चलते लोग भौचक रह जाते है तथा कभी कभी अपना संतुलन खो देते है,मोटर साईकिल,आटों व अन्य छोटे बड़े वाहनों यहां तक कि ट्रक आदि चार पहिया वाहनों मे इन दिनों तेज आवाज वाले प्रेशर हार्न लगाने का फैशन सा चल पड़ा है। लेकिन प्रेशर हार्न से राह गुजरते लोगों को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,एक ओर इन प्रेशर हार्नो की वजह से अधिक शोर गुल तो होता ही है, वही कई बार राह चलने वाले इन तेज आवाज वाले हार्न से भौजक रह जाते है और कभी कभार अपना संतुलन भी खो बैठते है। दप्तरों के कर्मचारी भी परेशान-आम नागरिकों के अलावा आफिस दप्तरों मे काम कर रहे कर्मचारी अधिकारी भी इन तेज आवाज के प्रेशर हार्न से विचालित हो जाते है जिसके कारण अनायास ही उनका ध्यान इन प्रेशर हार्न की ओर जाता है ।

## कलेक्टर ने बोहानी हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण करने के साथ पनारी में आयोजित कृषक संगोष्ठी में मिनी किटों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

समर्थन मूल्य पर जिले में सोयाबीन उपार्जन का कार्य क्रियान्वित किया जा रहा है। इन केन्द्रों पर उपार्जन नीति के अनुसार किए जाने वाले प्रबंधों का जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बुधवार को भ्रमण कर जायजा लिया। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने विकासखंड चीचली के समर्थन मूल्य पर पंजीकृत उपार्जन केंद्र गोदाम व वेयर हाऊसों का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यहां कृषकों से उपार्जन संबंधी जानकारी लेने के साथ उन्होंने नोडल अधिकारियों, समिति प्रबंधकों को शासन के निर्देशानुसार उपार्जन कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति बोहानी का निरीक्षण कर समिति प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिये। कृषक संगोष्ठी एवं मसूर मिनी किट वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर- जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले कृषि विभाग द्वारा आयोजित विकासखंड चीचली के अंतर्गत ग्राम पनारी में कृषक संगोष्ठी एवं मसूर मिनी किट वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने कृषकों को निःशुल्क मसूर की उन्नत बीज मिनी किट वितरित किये। वही उन्होंने किसानों से कहा कि वे डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग कर सकते हैं। डीएपी से नाईट्रोजन और फॉस्फोरस की पूर्ति होती है। जबकि एनपीके में नाईट्रोजन, पोटाश एवं फॉस्फोरस होता है। किसान एनपीके का उपयोग कर बेहतर फसल उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। एनपीके 12:32:16 और 16:16:16 उर्वरकों से फसलों में नत्रजन, फॉस्फोरस एवं पोटाश मुख्य पोषक तत्व की पूर्ति होती है। इसी प्रकार 20:20:0:13 से नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं सल्फर की पूर्ति एवं डीएपी से केवल दो तत्व नत्रजन एवं फॉस्फोरस की ही पूर्ति होती है। इसके अलावा सिंगल सुपर फास्फेट जिसमें 16 प्रतिशत फास्फोरस, 12 प्रतिशत सल्फर एवं 21 प्रतिशत कैल्शियम पाया जाता है। इसके उपयोग से फसलों के उत्पादन में वृद्धि होती है। इस प्रकार मिश्रित उर्वरकों क्रो बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बोहानी का किया निरीक्षण- क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला कलेक्टर श्रीमती पटले ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बोहानी का निरीक्षण कर छात्र- छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद शिक्षकों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर शुभम यादव, उप संचालक कृषि उमेश कटेहरे, महाप्रबंधक केन्द्रीय बैंक केकेराय, उपायुक्त सहकारिता राजेन्द्र सिंह, सहायक यंत्री एवं प्रभारी जिला विपणन अधिकारी यूवी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## नेक टीम आगमन के पूर्व महाविद्यालय की देखी तैयारियां

**गाडरवारा।** स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के निरीक्षण के लिए दिनांक कल 8 तथा परसों 9 नवंबर को नेक मुख्यालय बंगलौर से टीम का आगमन हो रहा है। इसके लिए महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र जैन एवं प्राचार्य डा. ए. के. जैन के मार्गदर्शन में काफी तैयारियां की गई। जिसमें छात्रों के लिए शैक्षणिक और अन्य सुविधाओं का उन्नयन, कंप्यूटर लेब का निर्माण, लाइब्रेरी, औडिटोरियम, प्राचार्य कक्ष एवं कार्यालय का रिनोवेशन, खेल सुविधाओं का विस्तार जैसे काम किये गए है। बताया जाता है कि टीम के आगमन के पूर्व जन भागीदारी समिति अध्यक्ष शैलेंद्र जैन, सदस्य अरुण बड़कुर, रत्नेश मिश्रा, अब्दुल फिरोज खान, श्रीमति वंदना काबरा एवं हर्षित तिवारी ने महाविद्यालय का भ्रमण कर व्यवस्थाएँ देखी और किये गए कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया। इस दौरान प्राचार्य डा. ए. के. जैन, आई क्यु ए सी प्रभारी प्रो. पी. एस. कौरव, प्रो. सुनील पालीवाल, डा. सुनील शर्मा, पुस्तकालय अधिकारी डी .एस. जाट भी उपस्थित रहे ।

## फसलों को तबाह कर रहे सुअर अन्नदाता किसानों की बढ़ी मुसीबत


**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** लगातार प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की फसलों को इतना नुकसान पहुँचाया है कि उनकी आर्थिक दशा सँभलने का नाम नही ले रही है और कर्ज के शिकंजे में जकड़े किसान विभिन्न समस्यो से छुटकारा पाने छटपटा रहे है। बीते वर्षो में खरीफ फसल सीजन में अल्प वर्षा से किसानों की फसलों की पैदावार अच्छी न होने के बावजूद हौसले को किसी तरह बुलन्द कर खाद, बीज का किसी तरह जुगाड़ कर रबी फसलों की बोवनी की थी फिलहाल वे अपनी विकसित हो रही फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। बताया जाता है कि किसानों की रबी सीजन की फसलें जंगली सुअर, हिरण और बंदर तबाह कर रहे है। ऐसे में परिस्थितियों से लाचार किसानो को व्यर्थ कृषि लागत जाने और रबी फसलों की पैदावार कम होने का अंदेशा सताने लगा है। क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों का कहना है कि उनके खेतों में पहले हो चुकी बोनी के चलते विकसित हो रही मसूर, चना, बटरी, राहर, गन्ने की फसलों को जंगली सुअर बर्बाद कर रहे है। गॉवों में सर्वाधिक वन्यजीव बन्दरों का आतंक है, जो झुंड में रहते है और मौका देखकर किसानो की फसलों को नुकसान पहुंचाते है। हालत यह है कि बंदर एक दिन में एक एकड़ में लगी बटरी की फसल तबाह कर रहे है और गन्ना फसल को खाते हुए उसे तहस नहस कर रहे है। किसानों का कहना है कि हिरण, बंदर, सुअर जंगल क्षेत्र की स्थितियॉ प्रतिकूल होने से किसानों को नुकसान पहुँचाने ग्रामों में पलायन कर रहे है। इस बारे में वन विभाग के अधिकारियों से पूर्व में कई बार शिकायतें की गयी किंतु फसलों को विनष्ट करने वाले जंगली, सुअरों को नियंत्रित करने की कार्यवाही वन विभाग की ओर से नही, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है। इस हालत में वर्तमान में देखा जावे तो किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसलों को बंदर, जंगली सुअर जिस तरह उनकी रबी फसलों को नुकसान पहुँचा रहे है,उसने किसानो की मुसीबतें और बढ़ा दी है। किसानों ने वन विभाग से अपेक्षा जतायी है कि वह उनकी फसलों को तबाह करने वाले हिरण, बंदर, जंगली सुअरो को पकड़नें के लिए रेस्सक्यू आपरेशन चलाये तथा इन जानवरो को जंगल में छोड़ने की किसानहित में शीघ्र व्यवस्था करें।









# तिहरे हत्याकांड का दसवां आरोपी गिरफ्तार

डिण्डौरी

गाडासरई थाना अंतर्गत लालपुर सानी में दीपावली की शाम जमीनी विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष में तीन लोगों की मौत हो गई थी। पीडित पक्ष की षिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के विरूद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं में नामजद अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी और हत्याकारित करने और घटना को अंजाम देने में सहयोग करने वाले आरोपियों की तलाष शुरू कर दी थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देष पर अलग अलग टीमों का गठन कर संभावित ईलाकों के लिए रवाना किया गया था। इसके साथ ही मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिये गये थ। रवाना सुदा टीमों के द्वारा 1 अक्टूबर को आरोपी पतिराम मरावी, कार्तिक मरावी, घनष्याम मरावी, और कवलसिह मरावी सभी निवासी ग्राम लालपुर सानी को सागर टोला से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेष किया गया था। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया तथा अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु जिला मुख्यालय स्तर से एसआईटी टीम भी गठित की गई थी जिनके द्वारा आरोपियों के संभावित अलग अलग ठिकानों पर दबिस देते हुए 4 अक्टूबर को ग्राम धनौली से आरोपी जीवन मरावी, ग्राम घानामार से शंकर मरावी व लोकसिंह मरावी, राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर के जंगल से सोनसिंह मरावी को और डिण्डौरी से जेहरसिंह मरावी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की निषानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाडी, डंडा व तलवार जप्त किया गया जिन्हे घटना स्थल से जप्त साक्ष्यों के साथ परिक्षण हेतु फॉरेंसिक लिबरोटरी भेजा जायेगा। मामले का एक आरोपी सरवन मरावी घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था जिसकी पुलिस टीमें तलाष कर रही थी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों में लगातार दबिस दी जा रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी सरवन मरावी पिता रामकुमार उम्र 45 साल अधिवक्ता से मिलने न्यायालय डिण्डौरी जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने न्यायालय परिसर और मार्ग में आरोपी को पकडने के लिए अमला तैनात कर दिया। और जैसे ही मंगलवार दोपहर लगभग 1.30 बजे आरोपी सरवन मरावी न्यायालय की ओर जा रहा था मौजूद पुलिस अमले ने धर दबोचा और कार्यवाई के बाद न्यायालय में पेष किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। लालपुर सानी में जमीनी विवाद में तीन लोगों की हत्या के बाद ईलाके में दहषत का माहौल है और लोगों की जुवान पर इस तिहरे हत्या कांड की चर्चा गली कूचों में जारी है।

# 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत

डिंडौरी

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी ने ग्राम लमोठा वनग्राम में सर्प काटने से ईलाज के दौरान मृतिका जेठिया बाई के निकटतम वारिसान पति विश्राम को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के अनुसार चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जेठिया बाई पति विश्राम की 25 सितंबर 2024 को सर्प काटने से ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम देवलपुर रैयत में कुंए के पानी डूबने से मृतक कल्लू के निकटतम वारिसान पत्नी सुममा बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के अनुसार चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। कल्लू पिता दालचंद की 13 जुलाई 2024 को कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। ग्राम पाटन माल में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मृतक संतराम के निकटतम वारिसान पत्नी द्रोपती बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के अनुसार चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। संतराम पिता फत्ते सिंह की 21 अगस्त 2024 को कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। ग्राम केवलारी रैयत में कुंआ के पानी में डूबने से मृतिका अमरतिया बाई के निकटतम वारिसान पुत्र भद्दे लाल पिता बाबू लाल, हजारी लाल पिता बाबू लाल, संतोषी बाई पिता बाबू लाल, संतारा बाई पिता बाबू लाल को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के अनुसार एक-एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। अमरतिया बाई पति स्व. बाबू लाल की 26 जुलाई 2023 को कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।ग्राम बरगी रैयत में डेम के पानी में डूबने से मृतक माहू सिंह के निकटतम वारिसान पत्नी ननकी बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के अनुसार चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। माहू सिंह पिता पटवारी की 13 जुलाई 2024 को डेम के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

## नगर परिषद के कर्मचारियों पर शासकीय संपत्ति चोरी करने का आरोप

# कबाडियों को बेची जा रही थी सामग्री, दो कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाई

डिंडोरी

सरकारी कार्यालय में अपनी सेवा देने वाले लोग ही अपने विभाग की प्रतिष्ठा पर कालिक पोतने से बाज नहीं आ रहे यहां विभाग प्रमुखों को भी विभाग के अंदर किए जा रहे झोलझाल की जानकारी नहीं है जिससे स्पष्ट होता है कि विभाग कर्मियों की कमान संभालने वाले नकेल कसकर नहीं रख पा रहे जिसका परिणाम यह है कि लगातार शासकीय सामग्री को कबाड़ के नाम पर कबाड़ियों के यहां धड़ल्ले से विक्रय किया जा रहा है। शासकीय सामग्री का विक्रय करने वाले जब कैमरे में कैद हो गए तो हाथ विनती कर मामले को प्रकाश में न लाने की दुहाई देते रहे कहना गलत नहीं होगा कि यह कोई पहली मर्तबा नहीं है। इससे पहले भी अनेकों बार विभाग के कर्मचारियों ने ही शासकीय संपत्ति को कौड़ियों के दाम कबाड़ियों को विक्रय कर दिया गया होगा जिसकी जांच होना आवश्यक है। जांच उपरांत ही खुलासा हो सकेगा कि आखिर चंद जिम्मेदारों ने मिली भगत कर विभाग को कितना चूना लगा दिया है।





### टेचिंग ग्राउंड से धीरे धीरे सामाग्री हो रही है गायब -

डिंडोरी नगरीय प्रशासन के द्वारा मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत हिनौता में टेचिंग ग्राउंड कचरा संग्रहण के लिए तैयार किया गया बतला दे इसके निर्माण कार्य में लाखों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। जहां की संपत्ति को धीरे-धीरे टेचिंग ग्राउंड में पदस्थ कर्मचारी चोरी कर नगर के कबाड़ियों के यहां ले जाकर उसका विक्रय कर रहे हैं। इस कार्य में डिंडोरी नगर परिषद के अन्य कर्मचारी भी सम्मिलित हैं। मिली भगत से चोरी की बारदात को अंजाम दिया जा रहा है यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कर्मचारी चोरी करते हुए कबाड़ियों के यहां सामग्री का विक्रय करते पाए गए हैं।

### कचरा संग्रहण वाहन में भरकर पहुंचाई गई सामग्री-

टेचिंग ग्राउंड ग्राम पंचायत हिनौता में स्थित है यहां से नगर परिषद के कुछ कर्मचारियों ने आपस में तालमेल बैठाकर टेचिंग ग्राउंड के अंदर रखी सामग्री का संग्रहण कर उसे कचरा संग्रहण करने वाले वाहन क्रमांक 3 में भरकर मुख्यालय आउटर में स्थित एक कबाड़ी के यहां लेकर पहुंचे जहां कचरा संग्रहण करने वाले वाहन से सामग्री से भरी बोरियों को उतारने का कार्य नगर परिषद डिंडोरी के कर्मचारियों के द्वारा किया गया यह घटना को कैमरे में कैद कर लिया गया इसके बाद मामले पर नगर परिषद के कर्मचारियों से पूछताछ की गई तो कर्मी गोल-गोल जवाब देते नजर आए वहीं एक वरिष्ठ कर्मचारी का नाम भी कर्मचारियों के द्वारा लिया गया है। सवाल यह है कि कर्मचारियों ने खुद को बचाने के लिए साहब के नाम का सहारा लिया है या माजरा कुछ और ही है।

### पूर्व में भी कर्मचारियों ने लगाया है डिंडोरी नगर परिषद को चूना-

गौरतलब है कि नगर परिषद डिंडोरी के कुछ कर्मचारियों द्वारा निजी फायदा के लिए परिषद के संसाधनों का उपयोग किया जा रहा था, जिसका खुलासा होने के बाद विभाग के अधिकारी हरकत में आए और कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकता निभाकर कर्मचारियों को बचा लिया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि विभागीय जिम्मेदारों का संरक्षण ही इन कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने का कार्य कर रहा है और निरंतर इस प्रकार का कृत्य नगर परिषद के कुछ कर्मियों के द्वारा बगैर किसी डर के किया जा रहा है और लगातार नगर परिषद डिंडोरी को चूना लगाया जा रहा है। जबकि डिंडोरी नगर परिषद लंबे समय से वित्तीय संकट से जूझ रहा है और कर्मचारियों को मानदेय समय पर नहीं मिल पा रहा।

### इनका कहना है -

मामला जैसे ही संज्ञान में आया तत्काल दो कर्मचारियों को हटाया गया है

**सतेंद्र सालवार सीएमओ**
नगर परिषद-डिंडौरी

## खबर संक्षेप

### डाकिया को हटाने लामबंद हुए ग्रामीण लापरवाही बरतने के लगाये आरोप

**डिण्डौरी।** डाक शाखा समनापुर अंतर्गत ग्राम मोहगांव ,सिधौली में संचालित डाक घर में पदस्थ डाकिया पर ग्रामींणों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है ,ग्रामीणों ने कलेक्टर से षिकायत करते हुए डाक घर से हटाये जाने की मांग की है। ग्रामींणों ने लिखित षिकायत में उल्लेख किया है कि दषरथ लाल यादव विगत कई वर्षो से डाकिया एवं डाक मास्टर दोनों पदों पर काबिज है। लेकिन इनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाती है समय पर लोगों को डाक उपलब्ध नही करायी जाती जिससे लोगों को सही समय पर महत्वपूर्ण जानकारी या अपने परिजनों द्वारा भेजी गई जानकारी उपलब्ध नही हो पाती है। ग्रामींणों का आरोप है कि शासकीय कार्य को छोडकर अपने घरेलू कामकाज में व्यस्त रहते है जिससे डाक विभाग का कार्य संचालन प्रभावित होता है और ग्रामींण महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित रहते है। विगत 5 साल का इनका रिकार्ड खंगाला जाये तो सच्चाई सामने आ जायेगी कि कितने लोगों का पत्र डाक सेवा के माध्यम से आया है और कितने लोगो को इनके द्वारा डाक प्रदान की गई है। ग्रामींणों ने बतलाया कि अनेको युवक युवतियों ने विभिन्न शासकीय नौकरियों के लिए आवेदन किया था और अपना पता गृह ग्राम का आवेदन में दर्ज किया था लेकिन उन्हे आज तक शासकीय नौकरी से संबंधित जानकारी प्राप्त नही हुई आषंका है कि संबंधित विभाग द्वारा उन्हे पत्राचार किया गया होगा लेकिन डाकिया की लापरवाही के चलते उन्हे पत्र प्राप्त नही हुआ। ग्रामींणों ने मांग की है कि ऐसे लापरवाह डाकिया को डाक घर से हटाया जाये। षिकायतकर्ता में अर्जुनसिह, नंदराम, दषरथ सिह, योगेन्द्रसिंह, लक्ष्मणसिंह, रूप सिंह मार्को, काषीराम, जितेन्द्रसिंह, ललित, कमल परस्ते, सहित अनेकों ग्रामीण शामिल रहे।

### अमरकंटक में देव दीपोत्सव पर्व के मुख्य यजमान होंगे कलेक्टर हर्षल पंचोली

**अमरकंटक।** मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में देव उठनी एकादशी/ तुलसी विवाह के पावन दिवस पर अमरकंटक संत मंडल ने प्रथम बार ग्यारह हजार दीप प्रज्वलित कर देव दीपोत्सव पर्व मनाने जा रहा है। यह कार्यक्रम उद्गम स्थल अमरकंटक के नर्मदा तट रामघाट के उत्तर/ दक्षिण तट पर होना सुनिश्चित किया गया है। यह दीपोत्सव पर्व के मुख्य यजमान अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली होंगे। अमरकंटक संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत रामभूषण दास जी महाराज, उपाध्यक्ष स्वामी महेश चैतन्य जी महाराज, सचिव स्वामी लवलीन महाराज जी, मृत्युंजय आश्रम से योगेश दुबे, राजेंद्रग्राम से बालमीक जायसवाल, अमरकंटक से श्रवण उपाध्याय जिला मुख्यालय पहुंच शाल श्रीफल भेंटकर आमंत्रित किया गया जिसे कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकार करते हुए मुख्य यजमान हेतु स्वीकृति दी। दीपावली पर्व बाद पड़ने वाली देव उठनी एकादशी/तुलसी विवाह 12 नवंबर को अमरकंटक संत मंडल ने भव्य देव दीपोत्सव पर्व मनाने का संकल्प लिया है, जिसकी तैयारियो की रूप रेखा बना ली गई है। जिसमे अमरकंटक के सभी संत महात्मा, नागरिकगण, बाहर से आए तीर्थ यात्री, पर्यटक सम्मिलित होंगे। अमरकंटक संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत स्वामी रामभूषण दास जी ने सभी जन मानस से अनुरोध किया गया है की ग्यारह हजार दीप प्रज्वलन पर्व में सम्मिलित होकर मां नर्मदा का आशीष प्राप्त करें।

### आयेंगे ग्रामोद्योग राज्यमंत्री

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 06 नवम्बर को शाम 4:10 बजे ट्रेन द्वारा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल से अनूपपुर हेतु प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 2:25 बजे रेलवे स्टेशन अनूपपुर पहुंचेंगे। रात्रि 2:35 बजे अनूपपुर से बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे एवं निज निवास बिजुरी में रात्रि विश्राम करेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

# बस के समय को लेकर किया विवाद, पत्थर मारकर बस का फोड़ा कांच सवारी घायल

**डिंडोरी**-कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कचनारी में नागपुर बस के समय को लेकर विवाद करते हुए कुछ लोगो ने पत्थर मारकर बस का कांचफोड़ दिया जिससे अंदर बैठी एक सवारी घायल हो गईं। फरियादी केशव नायक पिता देवा नायक उम्र 38 साल निवासी ग्राम घुनघुटी जिला उमरिया ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मैं शहडोल से नागपुर चलने वाली श्लोक बस क्रमांक एमपी 52 जेडए 3227 मे कंडेक्टरी का काम करता हूं। हमारी बस के आगे चलने वाली खैरावाली ट्रेवल्स के संचालक अनिल जायसवाल और उसके स्टाफ मोहन मिश्रा, इंदु मिश्रा और बिन्नू मिश्रा द्वारा पहले भी हमे डिण्डौरी से नागपुर बस ना चलाने को लेकर धमकाया गया है एवं हमारे सेठ हीरा नायक को भी फोन कर धमकी दी गयी थी। मंगलवार को शाम करीब 07 बजे बस क्रमांक एमपी 52 जेडए 3227 शहडोल से आकर नागपुर जाने के लिये लगी थी। हमारे आगे नंबर मे चलने वाली मंडला के अनिल जायसवाल की खैरावाली बस की देखरेख एवं उसमे काम करने वाले मोहन मिश्रा, इंदु मिश्रा और बिन्नू मिश्रा जबलपुर बस स्टैंड डिण्डौरी मे मिले जो मेरी बस के ड्रायवर आशीष द्विवेदी और मुझे कहने लगे कि हम लोग इस रोड मे पहले से चल रहे है, तुम बस लेकर नही जा सकते जिन्हे मैने समझाया कि हमारी बस भी परमिट मे चल रही है आप अपने समय मे सवारी लेकर जाओ, हम अपने समय मे जायेंगे,जो मुझे और ड्रायवर से गाली गलौज करते हुए बोले कि तुम लोग मिलो आगे तुम्हे देखते है। बस इस रोड पर चलाओगे तो जिंदा नही छोंडेंगे। फिर हम लोग अपनी बस लेकर शाम करीब 7.30 बजे जबलपुर बस स्टेंड डिण्डौरी से नागपुर जाने के लिये निकले रात करीब 08.40 बजे जैसे ही कचनारी के पास मोड के आगे पहुंचे तो सामने रोड किनारे दो मोटर साईकिल लेकर मोहन मिश्रा, इंदु मिश्रा, बिन्नू मिश्रा और आयुष बर्मन सभी निवासी किसलपुरी के खडे हुये थे। हमारी गाडी को देखकर चारो लोग हमारी बस क्रमांक एमपी 52 जेडए 3227 मे पत्थर फेंककर मारने लगे पत्थर लगने से बस के सामने का कांच टूट गया जिससे बस का नुकसान हुआ है। एक पत्थर बस मे बैठी सवारी राजेंद्र धार्वे निवासी शाहपुर नरिया के सिर और सीने मे लगा जिससे राजेंद्र के सिर मे चोट लगकर खून निकलने लगा, और सीने मे भी चोट लगी है। इसके बाद मोहन मिश्रा, इंदू मिश्रा, बिन्नू मिश्रा और आयुष बर्मन मोटरसाईकिल लेकर वहां से भाग गये। मैनें घटना की बात फोन कर बस मालिक केशव नायक को बताकर राजेंद्र को एंबुलेस से ईलाज के लिये जिला अस्पताल डिण्डौरी लेकर गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**डिंडौरी न्यूज** । मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ६ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी के मार्गदर्शन में दिनांक 04 नवंबर 2024 से 09 नवंबर 2024 तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा में निबंध प्रतियोगिता के साथ-साथ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में दिलीप पाटिल व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड शहपुरा ने उपस्थित विद्यार्थीगणों को सम्बोधित करते हुए विधिक सेवा सप्ताह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, तथा मध्यस्थता, नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के संबंध में कानूनी जानकारी प्रदान की गई। निबंध प्रतियोगिता में कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम समापन उपरांत चयनित प्रतिभागी विमला यादव प्रथम, राधिका सोनी द्वितीय व राधा बरकड़े तृतीय को पुरूस्कार वितरित किया गया।कार्यकम में महाविद्यालयीन स्टाफ डॉ. बी.पी. झारिया, डॉ. ओ.पी. पटेल, डॉ. राजदीप यादव, डॉ. स्मिता, कविता धुर्वे सहित काफी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने औद्योगिक विकास की संभावनाओं के दृष्टिगत ग्राम कोहका और चटुवा में किया स्थल निरीक्षण

डिंडौरी

कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिले में औद्योगिक विकास की संभावनाओं के दृष्टिगत बुधवार को ग्राम कोहका और चटुवा में स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण के लिए उपलब्ध शासकीय भूमि का निरीक्षण करते हुए औद्योगिक विकास के लिए स्थल पर मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उद्योग निर्माण हेतु पहुंच मार्ग, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति आदि मूलभूत अवश्यकताओं की जानकारी ली। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग श्रीमती राधिका कुसरो ने ग्राम कोहका और चटुवा में उपलब्ध शासकीय भूमि की जानकारी देते हुए बताया कि यह क्षेत्र शहर से नजदीक और



औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त है। कलेक्टर हर्ष सिंह ने इस संबंध में भूमि चिन्हांकन और अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम रामबाबू देवांगन,महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग श्रीमती राधिका कुसरो, सहायक संचालक उद्योग विभाग संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चाड़ा को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगाः कलेक्टर हर्ष सिंह

**बैगाचक ग्राम चाड़ा का होगा सर्वांगीण विकास-कलेक्टर**

**ग्राम चाड़ा को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई बैठक**

**डिंडौरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रट सभाकक्ष में आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के तहत ग्राम चाड़ा को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के संबंध में नीति आयोग दिल्ली के अधिकारी एसआरओ रामराव मुण्डे एवं सीनियर कंसलटेंट आरिफ अख्तर की उपस्थित बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी, जिला योजना अधिकारी ओ.पी. सिरसे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्ष सिंह ने नीति आयोग के अधिकारियों के समक्ष बजाग तहसील के ग्राम चाड़ा की आधारभूत जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम चाड़ा में कुल जनसंख्या 1087 है, जिसमें से पीव्हीटीजी जनसंख्या 585 है। चाड़ा ग्राम अपनी प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है एवं बैगा समुदाय यहां मुख्य रूप से निवासित हैं। चाड़ा को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाना है, जिसके लिए नीति आयोग के अधिकारियों ने कार्ययोजना बनाने पर संबंधित विभाग अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना, नलजल योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना सहित अन्य शासकीय योजना का लाभ चाड़ा में दिया जा रहा है, जिनमें से कई योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त किये जा चुके हैं। शेष कार्यों को पूरा करने के लिए योजनागत रूप से कार्य किये जा रहे हैं। चाड़ा में अब मोबाईल कनेक्टिविटी की भी शुरूआत हुई है। नीति आयोग के अधिकारियों ने चाड़ा को आदर्श ग्राम के रूप में बनाने के लिए ग्राम में सतत आजीविका का विकास करने के लिए कहा। स्थाई और निरंतर आजीविका के माध्यम से सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। इसके लिए सभी विभाग कार्य योजना बनाकर अपने प्रस्ताव भेजें और क्रियान्वयन करें, जिससे आदर्श ग्राम के रूप में चाड़ा का विकास हो सकेगा। विकासात्मक कार्यों की प्रगति का अवलोकन करने के लिए निरीक्षण करते रहें।

# कलेक्टर ने खरमेर मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत अण्डई में निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

**डिंडौरी**- कलेक्टर हर्ष सिंह ने बुधवार को ग्राम अण्डई में खरमेर मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत किये जाने वाले निर्माण कार्ययोजन के संबंध में स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने इस परियोजना की कार्ययोजना की जानकारी लेते हुए प्रोजेक्ट मेप का अवलोकन किया और अपस्ट्रीम व डाउनस्ट्रीम, भण्डारण क्षमता, कमांड एरिया, केचमेंट एरिया आदि की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि उक्त परियोजना का निर्माण जल संसाधन विभाग के द्वारा किया जा रहा है, जिससे 9980 हेक्टेयर भूमि को सिंचित किये जाने का प्रावधान है। कमाण्ड एरिया के तहत परियोजना में 40 ग्राम शामिल हैं, जिसमें जनपद पंचायत अमरपुर के 26 एवं समनापुर के 14 ग्राम हैं। परियोजना में स्पेशल पैकेज के तहत मुआवजा का वितरण किया जा रहा है और आगे की प्रक्रिया की जा रही है। कलेक्टर हर्ष सिंह ने तत्संबंध में त्वरित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम रामबाबू देवांगन, सीईओ जनपद पंचायत समनापुर सी.पी. साकेत, जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समनापुर का किया निरीक्षण

**डिंडोरी**- कलेक्टर हर्ष सिंह ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समनापुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, वैक्सीन वितरण कक्ष, दवाई वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने वैक्सीन वितरण पंजी, वैक्सीन भण्डारण, वैक्सीन की एक्सपॉयरी डेट का अवलोकन किया। जिसमें बताया गया कि समनापुर विकासखण्ड में टीकाकरण हेतु वैक्सीन का वितरण किया जाता है। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य केन्द्र से वितरित की जा रही दवाईयों का अवलोकन करते हुए आज वितरित की दवाईयां, दवाईयों का भण्डारण-उपलब्धता एवं रिकार्ड की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को केन्द्र में उपलब्ध जांच सुविधा, दवाईयां, अन्य स्वास्थ्य संबंध महत्वपूर्ण जानकारी को केन्द्र परिसर में चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी समस्त जानकारी आमजन तक सुगमता से उपलब्ध हो, निरीक्षण के दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध मे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम रामबाबू देवांगन, सीईओ जनपद पंचायत समनापुर सी.पी. साकेत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### भैंस को बचाने के चक्कर में पलटी कार दो घायल



**नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र स्टेशगंज अंतर्गत बेलखेड़ी शेढ नदी के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। मिली जानकारी के अनुसार कार सवार जबलपुर से नागपुर जा रहे थे तभी रात्रि लगभग 1 बजे बेलखेड़ी के पास भैंस अचानक सामने आ गई जिसे बचाने के चक्कर मे कार खाई मे उतर गई और पलट गई। जिसमें संतोष ठाकुर उम्र 45 वर्ष, रोहित विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष को गंभीर चोंटे आई अन्य तीन लोगों को मामूली चोटें आई। घायलों को 108 एंबुलेंस ईएमटी हेमंत प्रजापति एवं पायलट दीपक नामदेव प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय लाया गया।

### 64 हजार की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार



**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना पुलिस करेली द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये आरोपी को धरदबोचा। थाना करेली पुलिस को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी पवन पिता विजय गोस्वामी उम्र 22 साल निवासी गली नं. 12 धनारे कॉलोनी, थाना कोतवाली, जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 64 हजार रुपये मूल्य की 6.4 ग्राम अवैध स्मैक जप्त कर आरोपी को गिरफ्त में लिया गया एवं उसके अपराध क्र.992/24 धारा धारा 8(सी) /21 (बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक, सुभाष चंद्र बघेल, सउनि शिशुपाल चौधरी, प्रधान आरक्षक शिव कुमार, वरिष्ठ आरक्षक अमित यादव ,आरक्षक रोहित बारोलिया सैनिक अमरीश पाठक की सराहनीय भूमिका रही।

### काम क्रोध लोभ मोह का करें त्यागः कथा व्यास



**नरसिंहपुर।** स्थानीय कृषि उपज मंडी के समीप आयोजित की जा रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस कथा व्यास पं. अजय शास्त्री द्वारा बताया गया कि मानव जीवन 84 लाख योनियों में सबसे श्रेष्ठ है। मनुष्य को सत्कर्म करना चाहिये। मनुष्य को काम क्रोध लोभ मोह का त्याग कर भगवान का भजन करना चाहिये। आगे महाराज श्री द्वारा बताया गया कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन सुखमय बनता है ।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

**नरसिंहपुर।** न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के प्रकरण में आरोपी संदीप रजक सत्यभान रजक आयु 28 वर्ष, निवासी ग्राम राख, थाना उदयपुरा, जिला रायसेन म.प्र., हाल निवास निरंजन वार्ड चिरहकला, थाना पलोहा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को भादवि की धारा 366 में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड तथा धारा- 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 8000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता बनी चर्चा का विषय

# खिलाड़ियों के प्रतिभा व हुनर को संवारेः मंत्री श्री वर्मा

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।**

गत दिवस जिले की गाडरवारा तहसील के रूद्र मैदान में 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। उक्त आयोजन में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह पहुंचे। इस अवसर पर विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, पूर्व विधायक नरेश पाठक एवं श्रीमती साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, नगर परिषद तेंदूखेड़ा विष्णु शर्मा, ठा. भूपेन्द्र सिंह, मिनेन्द्र डागा, खिलाड़ी, कोच और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। हालांकि उक्त प्रतियोगिता को लेकर नगर मे चर्चा की जा रही है।





### प्रतिभा एवं हुनर दें बढ़ावा

प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाडरवारा में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना अपने आप में बड़ी बात है। यह स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्री सिंह के प्रयासों से ही संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं कबड्डी के खिलाड़ी रहे हैं। यह खेल की शुरूआत गांव से हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया प्रतियोगिता की शुरूआत हुई, जिसका उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देकर खिलाड़ियों के प्रतिभा एवं हुनर को संवारना है। आज इस आयोजन का मैं हिस्सा बना हूं। इस बात की मुझे बेहद खुशी है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं।

### खेलों को और बेहतर बनायें

मंत्री श्री सिंह ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का श्रृंगार खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ी, कोच, मैनेजर एवं अन्य सभी प्रतियोगिता का हिस्सा बनें हैं। चार दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के मैचों में एक टीम जीती है, तो एक टीम हारी है। यह खेल का हिस्सा है। पराजित होने वाले की जीत की संभावना हमेशा बनी रहती है। अपने खेलों को और बेहतर बनाएं और आने वाले मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। जो टीम यहां से जीत कर गई है, वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का नेतृत्व करते हुए 16 नवम्बर से यहां आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को गौरवान्वित करें। नेशनल प्रतियोगिता की शानदार तैयारी के लिए सभी को पुनः पूरी ताकत से जुटने के लिए कहा। सभी ने निस्वार्थ भाव से तन्मयता के साथ सहयोग किया इसके लिए सभी का साधुवाद।

### इनके बीच खेला गया मुकाबला

प्रतियोगिता का फाइनल मैच बालिका वर्ग जबलपुर और उज्जैन संभाग के बीच खेला गया। फाइनल मैच बालिका वर्ग में जबलपुर संभाग एवं बालक वर्ग में रीवा संभाग ने जीता। बालक वर्ग में रीवा संभाग विजेता, उप विजेता उज्जैन संभाग व तृतीय स्थान ग्वालियर संभाग ने प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग में विजेता जबलपुर संभाग, उप विजेता उज्जैन संभाग और तृतीय स्थान इंदौर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विजेता, उप विजेता व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को कप शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रीवा संभाग के प्रिंस एवं बालिका वर्ग में जबलपुर संभाग की मानसी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। स्टेट ऑफिशियल्स बालक - बालिका वर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार ने चार दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री व आभार मिनेंद्र डागा ने व्यक्त किया।

### नगर में चर्चा जारी

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर नगर मे चर्चा की जा रही है । प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में दो मंत्री शामिल हुये। वही एसडीएम कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में नर्मदापुरम सांसद चै. दर्शन सिंह भी शामिल हुये तथा नगर में होने के बाद भी सांसद राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता पर शामिल नहीं हुये जो चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि प्रतियोगिता के समापन कार्ड में सांसद व प्रभारी मंत्री को भी स्थान नहीं दिया गया। जबकि जिले में होने वाले आयोजन में जिले के दोनों मंत्रियों के साथ क्षेत्रीय सांसद व प्रभारी मंत्री को भी स्थान मिलना चाहिए था। प्रशासनिक कार्यक्रम में चूक है या जानबूझकर किया गया है। सरकार में होते हुये भी सांसद को स्थान ना मिलना चर्चा का मुख्य विषय बना हुआ है।

# भाजपा कार्यालय में सुनी गई जनसमस्याएं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस भाजपा जिला कार्यालय में नर्मदापुरम सांसद चै. दर्शन सिंह व जिला भाजपा अध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा ने जनसुनवाई का आयोजन किया जिसमें उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं महिलाओं एवं नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र से आये जनप्रतिनिधियों की जनसमस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप एवं पत्राचार के माध्यम से समस्या निराकरण करने का प्रयास किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रमाकांत चौबे, पुरुषोत्तम पटेल, ब्रजेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, सह कार्यालय मंत्री शिशिर चरण दुबे सहित पार्टी पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।



# 70 वर्षीय वृद्धों 11 से बनाये जायेंगे आयुष्मान कार्ड

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य- एबी पीएमजेएवाई के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जायेगा। जो नागरिक पूर्व से इस योजना के अंतर्गत कवर किये हैं, उन्हें अपने लिए अतिरिक्त रुपये 5 लाख तक की वार्षिक टॉपअप कवरेज मिलेगा, जिसे वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं करेंगे। इस योजना के अंतर्गत भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल- पीएम बीओसीडब्ल्यू में पंजीकृत समस्त श्रमिकों एवं उनके परिवार के पात्र सदस्यों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, चांवरपाठा, सांईखेड़ा व चीचली और सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी व नगर परिषद को आवश्यक निर्देश दिये हैं। राज्य शासन के प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग व श्रम विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार उक्त पात्र वरिष्ठ नागरिकों और भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल में पंजीकृत समस्त श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले में 4 नवम्बर से 11 नवम्बर 2024 तक विशेष कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायत मुख्यालयध शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर उक्त विशेष कैम्प आयोजित किये जायेंगे। कैम्प आयोजन के लिए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव नोडल रहेंगे। संबंधित ग्राम रोजगार सहायक एवं आशा कार्यकर्ता आपस में समन्वय कर निर्देशानुसार हितग्राहियों के कार्ड बनाने की कार्यवाही पूर्ण करेंगे। शहरी क्षेत्र में संबंधित वार्ड प्रभारी का कार्य पूर्ण करायेंगे। सचिव, ग्राम पंचायत कैम्प का प्रचार- प्रसार करायेंगे एवं कैंप की दैनिक प्रगति की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जनपद पंचायत को प्रेषित करेंगे। जनपद पंचायत स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी रहेंगे और दैनिक प्रगति पृथक- पृथक निर्धारित प्रपत्र में वरिष्ठ नागरिकों और भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के श्रमिकों की जानकारी प्रेषित करेंगे। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर संबंधित ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर से समन्वय कर निराकृत करायेंगे।

## क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनने से

# बढ़ेगा जल स्तर और फसलों को मिलेगा पानी

**तेंदूखेड़ा**



नर्मदा उत्तराखंड में बहने वाली पांडाझिर,बरांझ और सिंदूर नदियों पर स्टाप डेम बनने से इन नदियों में लंबे समय तक पानी भरा रहेगा बल्कि आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों का जमीनी जल स्तर बढ़ने के साथ फसलों को समय समय पर पर्याप्त पानी मिलता रहेगा।दो दर्जन से अधिक गांवों को इसका फायदा होगा,इस विषय को काफी लंबे समय से उठाया तो जा रहा है लेकिन औपचारिकता निभाते ही आगे गति नहीं ले पाता। नर्मदा उत्तराखंड के अंतर्गत सागर जिले की सीमा से लगे झिरा घाटी से लेकर बिजोरा पीपरवानी पान से लेकर उधर आदिवासी बाहुल्य ग्राम ढिलवार मौआखेडा तक पानी की गंभीर समस्या बनी रहती है। चूंकि पांडाझिर,बरांझ और सिंदूर नदियों का भी निकलना इन्हीं जंगली क्षेत्रों से हुआ करता है। बरसात के दिनों में तो पर्याप्त मात्रा में पानी रहता है लेकिन गर्मी आते आते अनेकों स्थानों पर नदी सूखने लगती है। उक्त पांडाझिर नदी देवरी विजोरा मानकपुर तरफ से होती हुई गुटोरी बरकुंडा डोभी तरफ से आगे निकल जाती है।इसी तरह से बरांझ नदी भी रम्पुरा खमरिया बरांझ कठोतिया इमझिरा खेरुआ काचरकोना ईश्वरपुर से आगे गंगई भामा होते हुए आगे की तरफ बढ़ जाती है। सिंदूर नदी भी मदनपुर पीपरवानी से आगे बंधी टपरियों तरफ आगे निकल जाती है।इन नदियों के बाजू से अनेकों ग्रामीण क्षेत्र जुड़े हुए हैं लेकिन इसका उचित उपयोग ना हो पाने के कारण पानी रहते हुए प्यासे बनें हुए हैं।

इन नदियों पर स्टाप डेम बनने से जहां कृषि उपज को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा वहीं नदियों के बाजू से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में हेंडपंपो ट्यूब बेलों में भी पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा।जमीनी जल स्तर भी बढ़ जायेगा। चूंकि पिछले कई वर्षों से इस विषय को गंभीरता उठाया भी गया लेकिन शासन प्रशासन स्तर पर केवल औपचारिकता ही निभाई जाती रही है।

### मवेशियों को मिलेगा पीने योग्य पानी

जंगली क्षेत्रों से निकली इन नदियों पर स्टाप डेम बनने से जहां जंगली क्षेत्रों से लगे जानवरों को पानी की उपलब्धता होगी वहीं मवेशियों को भी पीने योग्य पानी मिलेगा। वर्तमान में पानी चारे भूसे की समस्या के चलते ही पशु पालक अपने अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं।जो मुसीबत का कारण बनते हैं। एवं असहाय मवेशी भी भूख और प्यास से तड़पते हुए देखे सुने जाते हैं।जबरन खेतों में घुसकर फसलों को नुक़सान पहुंचाया करतें हैं।

### सिन्दूर नदी में मगरों का डेरा

मदनपुर के समीप बहने वाली सिंदूर नदी पर आगे टपरियों और इटुआ के बीच नदी में बड़ी संख्या में मगरों का डेरा बना हुआ है। पहले तो एक दो मगरें देखने को मिला करतीं थीं लेकिन अब तो यहां दो दर्जन से अधिक छोटी बड़ी मगरें मदनपुर तालाब तक धावा बोला करतीं हैं।चरवाहे, और मछली पकड़ने वाले भी इनकी गिरिफ्त में आ चुके हैं । अनेकों मवेशी, बकरियां भी इनका निवाला बन चुकीं हैं।



# गुड़ भट्टी शुगर मिल संचालकों की बैठक में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने दिये निर्देश

**तेंदूखेड़ा** शीघ्र ही संपूर्ण क्षेत्र में गन्ना फसल की आवक शुरू होने वाली है। गन्ना आते ही गुड़ भट्टियों में गुड़ बनाने केसाथ शुगर मिलों में पिराई भी प्रारंभ हो जाती है। जिसमें बड़ी संख्या में बाहर दूसरे प्रांतों एवं जिलों से मजदूर वर्ग एवं ठेके पर काम करने वाले लोग आते हैं। पूर्व में कुछ ऐसी गतिविधियां देखने में आई थी जो किसानों को भरोसे में लेकर लाखों रुपए की चपत लगाकर भाग निकले थे।साथ ही भट्टियों पर मजदूरी करने आने वाली युवतियों के साथ छेड़खानी या लेकर भाग जाने जैसी घटनाएं घटित हुईं थीं।इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में घटित ना हो पूरी सुरक्षा के साथ मिल एवं भट्टियां संचालित हो को लेकर पुलिस थाने तेंदूखेड़ा में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस की उपस्थिति में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें यह भी अवगत कराया गया कि मजदूरों एवं बाहर से आने वाले भट्टी संचालकों के नाम आधार कार्ड उनके बैंक खातों की जानकारी पहले ही ले लेवें और गूगल फार्म जानकारी में भरकर पुलिस को सूचना बतौर देवें।या फिर कोई अनैतिक गतिविधियां या संदेह शंका प्रतीत होती है तो तत्काल पुलिस को सूचना देवें।कृषक भरोसे वाले संचालकों को ही गन्ना नगद मूल्य लेकर ही बेंचें। केपी सिटी के अनुसार ही उधारी करें।सात दिनों में ही संपूर्ण भुगतान करवाया जाये।बैठक में मुख्य रूप से तहसीलदार रोहित सिंह राजपूत नायब तहसीलदार प्रभारी नगर निरीक्षक संजय सूर्यवंशी एवं मिल प्रबंधन तथा गुड़ भट्टियों के संचालक प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी विहीन गोटेगांव नगर पालिका परिषद

**गोटेगांव**




स्थानीय नगर में कई वर्ष हो गए गोटेगांव की धराधाम पर कार्यरत शासकीय कार्यालयों में शुमार और अहम स्थान रखने वाली नगर पालिका परिषद आखिर फुल फ्रेशाधिकारी विहीन क्यों है।क्या कारण है कि इस स्वशासी संस्था में अधिकारी आते हैं और साल भर भी नहीं व्यतीत हो पाता फिर अपना तबादला स्वयं करवा कर कहीं अन्यत्र चले जाते हैं आखिर ऐसा क्या है इस नगर पालिका में।इन सभी अनुत्तरित सवालों का जबाव कोई नहीं दे पा रहा है जो कि नगर में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है अभी कुछ महीने पहले मुख्य नगर पालिका अधिकारी का चार्ज राजेश मेंहतेल ने लेकर नगर पालिका परिषद के सीएमओ का कार्यभार ग्रहण कर कार्य संभाला था और अब कुछ महीने ही रहकर अपना रुख मोड़ कर तबादला करवा लिया आखिर क्या विशेषता है नगर की नगर पालिका में यह तो जनप्रतिनिधि ही बता सकते हैं फिलहाल तो नगर पालिका परिषद गोटेगांव अधिकारी विहीन कार्यालय है जिससे नगर की समस्या बढ़ती ही जा रही है मगर राजनेता और जनप्रतिनिधि अब भी खामोश है वाह री राजनीति क्या गुल खिला रही है समझ से परे होता जा रहा है।



# नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

**नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस के दुबे के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया एवं विधि विभाग से विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी डॉक्टर चेतना उपाध्याय के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं विधि विभाग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधि विभाग से प्रो.भरत ठाकुर, प्रो. सतीश बैस, डॉ. समीर भैसारे, हेमंत अहिरवार एवं विद्यार्थियों में सोना शर्मा, राशिका चैरसिया, श्रुति गुप्ता, शिखा वर्मा, कविता यादव, नेहा चैधरी, वेदांत दुबे एवं बड़ी संख्या में विधि विभाग के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

## विधिक सेवा सप्ताह एवं जागरूकता

# साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**गोटेगांव**



स्थानीय नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में माननीय सदस्य सचिव मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एक माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर (म.प्र.) के निर्देशानुसार न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा विगत 06.11.2024 को प्रातः 10 बजे तहसील गोटेगांव में स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में चित्रकला, निबंध, प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता कराई एवं दोपहच 12 से दोपहर 02 बजे तक झोतेश्वर वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया आयोजित रैली में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव के अध्यक्ष / न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय बॉबी सोनकर, विद्यालय के प्रिंसिपल एवं उनका स्टाफ, न्यायालयीन कर्मचारीगण पैरालीगल वालेंटियर साहिल मेहरा एवं सीएम राईज स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहें।आयोजित शिविर न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के तहत विधिक सेवा योजनाओं क प्रचार प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी तथा जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने एवं न्याय के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।